भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

09.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1321 का उत्तर

ट्रेनों में भोजन की दरों में वृद्धि

1321. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों में मिलने वाले विशेष भोज्य पदार्थों सहित चाय और भोजन की दरों में वृद्धि की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) शताब्दी/राजधानी/दूरंतो और अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में मिलने वाले भोज्य पदार्थों की दरों में वृद्धि और इनमें उक्त वृद्धि के परिणामस्वरूप रेलवे को होने वाले लाभ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): जी नहीं। राजधानी/शताब्दी/दूरंतो गाड़ियों में स्नैक्स के साथ सुबह/शाम की चाय और अन्य मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में मानक भोजन सहित सभी भोजन सहित खानपान सेवाओं की व्यंजन-सूची और दरों को 2019 के वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 60 द्वारा प्रभारित किया गया है। चाय और कॉफी की दरों को रेल मंत्रालय के 2018 के वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 53 द्वारा प्रभारित किया गया है। गाड़ियों में स्पेशल मील सहित चाय और भोजन की दरें संशोधित नहीं की गई हैं।

इन परिपत्रों में विस्तृत दिशा-निर्देश शामिल हैं और ये भारतीय रेल की वेबसाइट https://indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

*****

Sk